प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 115/2023)

तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा के परामर्श पत्र ''प्रसारण एवं केबल सेवाओं के लिए विनियामक ढांचे की समीक्षा” पर टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार ।

नई दिल्ली, **30 अक्टूबर 2023:** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 08 अगस्त 2023 को ''प्रसारण एवं केबल सेवाओं के लिए विनियामक ढांचे की समीक्षा” पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर हितधारकों से टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि प्रारंभ में क्रमश: 05 सितंबर 2023 और 19 सितंबर 2023 निर्धारित की गई थी।

2. हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त करने की समय सीमा को बढ़ाने के संबंध में प्राप्त अनुरोधों को देखते हुए, लिखित टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर क्रमशः 10 अक्टूबर 2023 और 25 अक्टूबर 2023 किया गया ।

3. अब**,** उपर्युक्त परामर्श पत्र पर प्रति-टिप्पणियां प्रस्तुत करने की समयसीमा को बढ़ाए जाने के लिए हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर**,** प्रति-टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को 1 नवंबर, 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद**,** प्रति-टिप्पणियां प्रस्तुत करने की समयसीमा को बढ़ाए जाने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. प्रति-टिप्पणियां अधिमानत: इलेक्ट्रॉनिक रूप में ईमेल आईडी advbcs-2@trai.gov.in और jtadvbcs-1@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं ।

5. किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए श्री अनिल कुमार भारद्वाज, महानिदेशक ट्राई सीएसआर एवं सलाहकार (बीएंडसीएस) से टेलीफोन नंबर +91-11-23237922 पर संपर्क किया जा सकता है ।

(**वी. रघुनंदन**)
सचिव, **भादूविप्रा**